संक्षिप्त

7.70 लाख रूपये राशि की नकदी को किया सीज

अलवर। जिला आबकारी अधिकारी अर्चना जैमन ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में रामगढ विधानसभा उप चुनाव के मध्यनजर शराब के अवैध पारगमन को रोकने हेतु विशेष जांच अभियान में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के शीतल स्थित कट पर स्थित आबकारी विभाग की चौकी पर वाहनों की जांच के दौरान आज एक मारूती कार में बैग में 7.70 लाख रूपये कैश पाए गए जिसके बारे में पूछने पर कार चालक एवं अन्य सवारियों ने प्याज व्यापारी के द्वारा अलवर में भुगतान हेतु बताया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाईडलाइन के अनुसार राशि को एसएसटी टीम को मौके पर बुलाकर सुपुर्द किया गया तथा सम्पूर्ण प्रकरण की वीडियोग्राफी कराई गई। इस दौरान आबकारी विभाग से सुमनपाल, सत्यनारायण, शाहबुद्दीन मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

फुलेरा। फुलेरा जीआरपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुढ़ा साल्ट रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पर स्टेशन मास्टर रेल्वे स्टेशन से रवाना होकर घटना स्थल के पास पहुंचे जहां पर करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मौत होना पाया गया। वहीं पुलिस ने आगे बताया कि उक्त मृतक व्यक्ति का रंग सावला है, लम्बाई 5.8 फिट तथा शरीर पतला सिर व दाढी के बाल बड़े हुए है। इसके साथ ही उसने सफ़ेद कलर की शर्ट और मेहन्दी कलर का लॉवर पहना हुआ है।

आरएसएस के सेवा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

मालपुरा। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के सेवा सप्ताह का रविवार को शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिन पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर मे स्वंय सेवको ने परिसर मे साफ-सफाई का कार्य किया। इस दौरान युवराज गुर्जर,जगमोहन टेलर,राधे जांगिड,अमित सेन,कुणाल सोनी,मोहित,विष्णु शर्मा,जीतराम भाटी सहित स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहै। केशव शाखा सेवा प्रमुख युवराज गुर्जर ने बताया कि सात दिन तक चलने वाले सेवा सप्ताह मे मालपुरा खण्ड ही सभी शाखाओं पर सेवा सप्ताह मनाया जाना है।

महिलाओं ने लिया भगवान विष्णु का आर्शीवाद

मालपुरा। रविवार को आंवला नवमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने आंवले के पेड की विधि विधान से पूजा अर्चना की। पंचायत समिति परिसर मे आंवले के पेड के निचे पंडित रामकृपालू पारीक ने आंवला नवमी की कथा सुनाते हुये आंवले की पूजा का महत्व बताया। सुत्त से आंवले को सुत्र बांध परिक्रमा लगाते हुये अखण्ड सौभाग्य व परिवार मे खुशहाली की कामना की। लाम्बाहरिसिंह हरिसागर कुण्ड स्थित गोविन्द देव मंदिर मे की गई विशेष पूजा अर्चना।

अवैध चैचा पत्थर परिवहन करते चालक गिरफ्तार

टोंक। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षैत्र में अवेध खनन के खिलाफ विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए लाम्बाहरिसिंह के थानाधिकारी मनीष कुमार टेलर द्वारा गठित टीम ने गश्त के दौरान एक ट्रेक्टर-ट्रोली को अवैध चैचा पत्थर से भरे हुए को जप्त किया तथा ट्रेक्टर चालक सरफराज अहमद को गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

दौ से अधिक विप्र प्रतिभाओं का होगा सम्मान

मालपुरा। विप्र फाउण्डेशन मालपुरा तहसील शाखा के बैनर तले 17 नवम्बर को मालपुरा मे आयोजित विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर कार्यकर्ताओ को बांटी गई जिम्मेदारियां। संगठन के तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि सम्मान समारोह मे शामिल होने के लिये प्रतिभाओं द्वारा 11 नवम्बर आवेदन की अन्तिम तिथि रहेगी।

सचिन पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी कस्तूरचंद मीणा के समर्थन में आम सभा को संबोधित किया

टोंक/उनियारा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने बीजेपी समेत देवली उनियारा से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के खिलाफ मंच से की गई अमर्यादित भाषा को लेकर कांग्रेसियों को भी मर्यादित भाषा बोलने की नसीहत दी। पायलट ने उनियारा में कांग्रेस प्रत्याशी केसी मीणा के समर्थन में आयोजित सभा और पत्रकारों से बातचीत में भी कहा कि बीजेपी ही नहीं राजनीत में रहने वाले लोग संयमित और मर्यादित भाषा बोले। आपकी भाषा लोग सुनते है।

पायलट ने उनियारा में कांग्रेस प्रत्याशी केसी मीणा के समर्थन में सभा आयोजित की।

- कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन झारखंड और महाराष्ट्र के आम चुनाव एवं राजस्थान में उपचुनाव जीतेगी : सचिन पायलट

राजनीति में रहने वाले लोग अमर्यादित भाषा नहीं बोले। दरअसल आज हुई सभा में पायलट के सामने सांसद हरीश चंद्र मीणा और छबड़ा के पूर्व विधायक करण सिंह राठौड़ ने निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के खिलाफ जमकर अमर्यादित भाषा बोली। सांसद हरीश चंद्र मीणा ने उसे अपराधी तक कहा तो करण सिंह ने साफ कहा कि पायलट साहब आपका नाम लेकर गत विधान सभा में भी मुझे हरा दिया। अब यहाँ भी लोगों ने उसे वोट दे दिए तो कस्तूर चंद्र मीणा हार जाएंगे। ऐसे लोगों को पार्टी से दूर रखे । करण सिंह हे ही नहीं रुके उन्होंने कहा कि पायलट साहब चाहे तो अब मेरा टिकट काट देना लेकिन जो पार्टी के खिलाफ काम करते है, उन्हे पार्टी में नहीं ले। बीजेपी वाले समेत कोई भी राजनीति व्यक्ति हो उसे भाषा संयमित रखनी चाहिए। कांग्रेस जीतेगी। लेकिन थोड़ा यहां चुनाव मैनेजमेंट कमजोर है। इसे सही करे। अभी दो तीन दिन बाकी है। उनियारा बस स्टैंड के पास जैन नसियां में सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा की 11 महीने की सरकार में जनता का मोह भंग हो गया है एवं कोई भाजपा ने कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया है। इस सरकार से 11 महीने में कर्मचारी, उद्योगपति, किसान पेंशनधारी सहित कई लोग ऊब गए हैं। किसान खाद के लिए परेशान हो रहा है एवं खाद महंगे दामों में मिल रहा है, वहीं विधवा, दिव्यांगों की पेंशन नहीं आ रही है। आज के समय में भाजपा के मंत्री एवं सांसद उपचुनाव में दर-दर भटक रहे हैं, यदि सरकार ने विकास करवाया होता तो ऐसी नौबत नहीं आती। इस विधानसभा क्षेत्र में कई मंत्री एवं कई विधायकों ने डेरा डाल रखा है।

यह चुनाव विकास का है, यह चुनाव कोई दो जाती या धर्म का नहीं है उन्होंने कहा कि कई लोग चुनाव में जातिवाद, धर्मवाद के नाम पर लोग बहक जाते हैं, इससे वह लोग अपना नुकसान कर रहे हैं एवं किसी को फायदा होने वाला नहीं है। सांसद मीणा ने निर्दलीय प्रत्याशी का नाम लिए बिना कहा पहले करण सिंह को हरा दिया है। अब कांग्रेस को हराने यहां आ गया। एक हजार वाहन लेकर घूम रहा है। ये कहाँ से आ रहे है। वह अपराधी है।

इस अवसर पर विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, राष्ट्रीय सचिव दानिश अबरार, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा,किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, राकेश पारीक, जोधपुर से आए कर्ण सिंह, पूर्व मंत्री अशोक बैरवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम, महेंद्र खेड़ी,छाबड़ा के पूर्व विधायक करण सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिराम बैरवा,उनियारा देवली प्रभारी धर्मेंद्र सालोदिया, हनुमान प्रसाद मीणा, रामकेश मीणा, लोकेश मीणा, कांग्रेस के पुर्व सचिव कुलदीप राजावत, पार्षद कमरुद्दीन, पार्षद धर्मप्रकाश शर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र से आए कांग्रेस पदाधिकारी एवं बाहर से आए कई विधायक मौजूद थे।

रंगरेज समाज का सम्मेलन हुआ

मनोहरपुर। जयपुर में रंगरेज समाज का सम्मेलन हुआ सम्मेलन जिसमे 41 जने एक दूजे के हम सफर बनेरंगरेज समाज यह सम्मेलन सिर्फ एक रुपए मे कर रहा है 1 दुल्हा पक्ष और 1 दुल्हन पक्ष की तरफ से लिया गया है 10 काजियो ने निकाह पढ़ाई बाकी सभी खर्च समाज के कुछ लोगों ने किया है जो अपना नाम सामने लाने से मना किया है सम्मेलन में 41 जोड़ों की शादी हुई और सम्मेलन शांतिपूर्ण तरीके से समपन हुआ सम्मेलन में पूर्व मंत्री कांग्रेस सरकार प्रताप सिंह खाचरियावास, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, कांग्रेस विधायक प्रत्याशी हवामहल आर आर तिवारी, जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव ने शिरकत की। अतिथियों ने कहा कि ऐसे सम्मेलन होते रहना चाहिए।

डीवाईएसपी ने ग्राम टोरडा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन

पावटा। ग्रामीण इलाकों में लॉ एंड ऑर्डर को मजबूत करने तथा ग्रामीणों व पुलिस के बीच तालमेल बेहतर बनाने के लिए शनिवार को विराटनगर वृत्ताधिकारी वृत्त शिप्रा राजावत ने ग्राम टोरडा मे ग्रामीणों से कानून व्यवस्था को लेकर उनकी शिकायत व समस्याए सुनी।

डीवाईएसपी शिप्रा राजवात ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचित करें जिससे समय पर अपराध पर काबू पाया जा सके। वही उन्होंने ग्रमीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की तरफ ज्यादा अग्रसर है। ऐसे में अपने बच्चों को नशे से बचाएं तथा तथा सामाजिक कार्यो में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीणों से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील की। डीवाईएसपी शिप्रा राजावत ने राखी कहा कि गांव में कोई भी नशा बेचता है या कोई अन्य किस्म का अपराध करता है, उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

शिप्रा राजावत ने कानून व्यवस्था को लेकर उनकी समस्याए सुनी।

पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर सामंजस्य से ही अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकता है। जिला पुलिस द्वारा जनता के साथ और बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। गांवों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों को जागरूक किया है कि अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करे।

बाल विवाह की रोकथाम और जागरुकता को लेकर कार्यक्रम हुआ

सांभरझील। देवउठनी एकादशी व अबूझ सावों पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम और जागरुकता को लेकर पीएम श्री राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर के दिशा निर्देश पर अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.स. 1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभर के निर्देशन में बाल विवाह निषेध अभियान की थीम अभी नहीं (पहले सपने साकार हो, फिर शादी पर विचार हो) ,पर आयोजित कार्यक्रम में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयश्री लमोरिया ने बाल विवाह रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाने हेतु प्रेरित किया।

- बाल विवाह के दुष्परिणामों से शारीरिक व मानसिक दुष्परिणामों के प्रति विधार्थियो को जागरूक किया तथा बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई

बाल विवाह रोकथाम अभियान के लिए न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाई।

बाल विवाह के दुष्परिणामों से शारीरिक व मानसिक दुष्परिणामों के प्रति विधार्थियो को जागरूक किया तथा बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर में बाल विवाह निषेध हेतु वाद विवाद / चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधालय के प्रधानाचार्य टीकमचन्द मालाकार, उप प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा, विनोद दुलारिया, रचना मोदी, लिगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया विधालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

अचरोल में दलालो ने जेडीए भूमि पर किया अवैध रूप से निर्माण

अचरोल। अचरोल खटीको के मोहल्ले के पास भारत गैस एजेंसी के पीछे स्थित जेडीए (जयपुर विकास प्राधिकरण) की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों का मामला तेजी से बढ़ रहा है।

दलाल इस सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण करवा रहे हैं और फिर इन निर्माणों को लाखों रुपयों में बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इस प्रकार के निर्माण न केवल कानून के विरुद्ध हैं, बल्कि प्रशासन के नियमों की भी खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हो रहे अनाधिकृत निर्माण कार्य ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

दलाल स्थानीय लोगों को बहकाकर या उन्हें दबाव में डालकर भूमि पर कब्जा कर लेते हैं, और फिर इसे बेचने के लिए अवैध तरीके से पक्की संरचनाओं का निर्माण करवा देते हैं। यह प्रथा प्रशासन के नियमों और कायदों का मखौल उड़ाती है यह सरकारी भूमि आम जनता की भलाई के लिए निर्धारित की गई है, लेकिन दलालों की इस हरकत के चलते इसका गलत इस्तेमाल हो रहा है।

प्रशासनिक अधिकारियों और जेडीए के कर्मचारियों पर भी कई बार इन अवैध कब्जों को नजरअंदाज करने का आरोप लगता है। कुछ अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही की वजह से दलाल आसानी से अवैध निर्माण कार्य करवा रहे हैं हालांकि, प्रशासन का यह दायित्व है कि वह अपनी संपत्तियों की सुरक्षा और रखरखाव सुनिश्चित करे, लेकिन ऐसी घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि कुछ स्थानों पर प्रशासन की पकड़ कमजोर हो रही है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। ताकि ऐसी किसी भी प्रकार की गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसके अलावा, अवैध निर्माण में शामिल दलालों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। जो लोग ऐसे अवैध कब्जों का समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से अन्य लोगों को भी चेतावनी मिलेगी और इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा।

उन्हें समझाया जाना चाहिए कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे उनके आसपास के पर्यावरण और आधारभूत संरचनाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। अचरोल और अन्य क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माण पर सख्त नियंत्रण की आवश्यकता है। यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाता है, तो इस प्रकार के अवैध कार्यों को रोका जा सकता है।

श्री कृष्ण गोशाला का 80वाँ गोपाष्टमी महोत्सव आयोजित

शाहपुरा। श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ के तत्वावधान में शनिवार को 80 वाँ गोपाष्टमी महोत्सव 2024 का आयोजन त्रिवेणी धाम संत राम रिछपालदास महाराज के सानिध्य में किया गया। महोत्सव में शोभायात्रा व एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या आयोजन किया जिसमें रविवार तड़के 4 बजे तक श्रोता डटे रहे।

गोशाला प्रबंधन ने गोशाला के सहयोगी, भामाशाहों का सम्मान किया तथा वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जानकारी मुताबिक आजादी से पूर्व स्थापित श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ ने शनिवार को 80 वाँ गोपाष्टमी महोत्सव पर अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें सुबह 9.15 बजे गोशाला में गौ पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। गोशाला परिसर में मेला लगाया जिसमें नन्हें बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। दोपहर 1 बजे गोशाला मुख्य द्वार से संस्कार चिल्ड्रन एकेडमी तथा सखी परिवार की झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू की, जिसमें शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। शाम 4 बजे विभिन्न गौभक्तों के सहयोग से गोशाला परिसर में प्रसादी का वितरण कार्यक्रम किया गया। शाम 6 बजे गोशाला परिसर में प्रबंधन कार्यकारिणी, गोशाला सदस्यों, श्रद्धालुओं ने गौ आरती की। शाम 8.15 बजे शहर के मुख्य चौपड़ बाजार में एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकार बीरबल सिंह शेखावत, प्रकाश गुर्जर, मुकेश मुक्कड़, झाबर छैला, रईस सैनी, रामप्रकाश भड़ाना, कैलाश छैला ने गौ माता के भजनों की प्रस्तुति दी तथा कन्या भ्रूण हत्या, गौ वध समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं कुरीतियों के उन्मूलन के लिए पांडाल में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गोशाला के सहयोगी सोलर पैनल के लिए 5 लाख रुपए की आर्थिक सहयोग के लिए 94 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक सूरजमल शिखवाल, गोशाला को ट्रेक्टर देने पर मोहन लाल बड़सीवाल, ई रिक्शा देने पर एयू बैंक, गोवड़ी, हल, ट्राली आदि देने कर दिनेश नरेड़ी समेत 30 सहयोगियों का तथा भजन संध्या के कलाकारों का गोशाला प्रबंधन ने व्यवस्थापक महेश दीवान, अध्यक्ष चैतन्य मीणा के नेतृत्व में सम्मान किया गया।

एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या आयोजन किया।

- शोभायात्रा और एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या में जुटे लोग
- गोशाला सहयोगी, भामाशाहों का किया सम्मान, अनेक भामाशाहों ने गोशाला को चारा आदि के सहयोग की घोषणा की

सर्विस रोड़ों की मरम्मत का कार्य निरंतर जारी

कोटपूतली। आमजन को सुगम तथा सुरक्षित परिवहन उपलब्ध करवाने के लिए क्षतिग्रस्त सर्विस रोड के मरम्मत के काम को एनएचएआई ने अपने क्षेत्र में मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से प्रारंभ कर दिया है।

इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निरीक्षण में पाया कि बहरोड़ बीएचएस सर्विस रोड पर बारिश के कारण काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा दुरुस्तीकरण का कार्य धीमी गति से चल रहा था जिसके चलते न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा था बल्कि आम जन को अन्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा था एडीएम ने मौका स्थल से ही एनएचएआई के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर सर्विस रोड के दुरुस्तीकरण के काम में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए जिसकी पालना में एनएचएआई कार्य में गति को बढ़ाते हुए शीघ्र ही सर्विस रोड को दुरुस्त करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ कर कार्य शुरू कर दिया है तथा शीघ्र ही रोड के दुरुस्तीकरण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

सार-समाचार

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

बहरोड़/ नीमराना। 10/11/2024 वॉलीबॉल क्लब जखराना की ओर से द्वितीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रदेश प्रवक्ता डॉ शानू यादव ने फीता काटकर उद्घाटन करते खेल प्रतियोगिताओं को सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने वाला बताया। वहीं बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 50 टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम में सुरेश थानेदार, सुभाष शर्मा, जेपी साहब, राधेश्याम तिवारी, शेरसिंह, दयानन्द, नरेश गुरूजी, महेंद्र सौदागर, सुरेंदर प्रिंसिपल, रिपुदमन, हैप्पी कप्तान, सत्यव्रत, प्रदीप व बड़ी संख्या में विभिन्न गांव से आए हुए टीमों के खिलाड़ी व नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

'नशा करने वाला व्यक्ति समाज व परिवार के लिए श्राप'

निवाई। मां भद्रकाली मंदिर आश्रम कांटोली में संत श्रीराम महाराज के सानिध्य में गोपाष्टमी महोत्सव पर नशा मुक्ति अभियान का विशेष आयोजन हुआ। जिसमें सैकडों लोगों को नशा से छुटकारा दिलवाया। आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति समाज व परिवार के लिए श्राप होता है व नशा करने वाले व्यक्ति समाज के लिए कुंठक होते है। उन्होंने कहा कि नशा करने से हजारों परिवार बर्बाद हो गए। उनके बच्चों का भविष्य अंधकार में चला गया। उन्होंने आ ान करते हुए कहा कि जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करें। उन्होंने बताया कि माँ भद्रकाली के आशीर्वाद से भक्तों के अटके कार्य सिद्ध होते हैं। इसी वजह से अष्टमी के दिन सैकडों लोग माँ भद्रकाली की शरण में पहुँचते हैं। गोपाष्टमी महोत्सव पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक शत्रु शांति के लिए दुर्गापाठ, बगलामुखी पाठ व कालरात्रि भैरव पाठ सहित कई प्रकार के हवन व अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गृह क्लेश व तंत्र मंत्र से परेशान भक्तों के लिए सर्वभृंगराज, प्रत्यंगिरा व माँ भगवती दुर्गा के विशेष सम्पुट पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे माँ भद्रकाली की विशेष पूजा अर्चना करके महाआरती की गई। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति अभियान में नशा करने वाले युवकों का देशी जडी बूटियों से शराब, गांजा, भांग, धतूराए अफीम व चरस जैसे नशे से छुटकारा दिलाया। इस दौरान रामसहाय मीणा किवाडा, मदन मीणा रामनगर, सुरजीत सिंह पंजाब, मोना मीणा सवाई माधोपुर, सुनील जाट नोहटा, विजेंद्र सिंह दिल्ली, भगवतीप्रसाद हरियाणा, प्रेम सागर महाराष्ट्र, कुलदीप सिंह भीलवाडा, मेघराज सिंह कोटा, धर्मेन्द्र गंगापुर, अनिल मीणा, विकास मीणा व अशोक काँटोंली सहित दिल्ली, बंबई, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, हैदराबाद, पंजाब व हरियाणा सहित कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने माँ भद्रकाली का आशीर्वाद लिया।

870 मरीजों की आंखों की जांच

पावटा। निकटवर्ती ग्राम पंचायत भैंसलाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को द्वारिकपुरा के पूर्व सरपंच स्व. सूरजमल यादव की पुण्य स्मृति में समाजसेवी कृष्ण सांपला द्वारा आंखों के षष्ठम विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र सिंह यादव ने भी मरीजों के हाल चाल जानते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। अतिथि के तौर पर जीएल यादव, तारा पुतली, विरेंद्र घोघड़, सरपंच गीता देवी, उपसरपंच शिवसहाय मौर्य, करणसिंह नेतराम सरपंच, महेश यादव हरिराम चोरिया, सुरेश, अजय शुक्ल, हेमराज गुरुजी, ओमप्रकाश, धर्म सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सरपंच स्व. सूरजमल यादव के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस दौरान राजस्थान के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव, बहरोड़ व उनकी टीम ने आंखों के कुल 870 मरीजों की जांच करते हुए उपचार प्रदान किया। साथ ही 207 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। उक्त मरीजों का ऑपरेशन बहरोड़ स्थित मिश्री देवी आई हॉस्पिटल में निःशुल्क किया जायेगा। मरीजों को लाने व ले जाने व भोजन आदि की व्यवस्था भी निःशुल्क ही रहेगी। इस दौरान आयोजन समिति के कृष्ण सांपला, रोहिताश यादव, संदीप यादव, भारत यादव, सतीश यादव, विक्रम फौजी, रमेश, रतिराम, मदन, शिंभू, रणजीत, देवेंद्र, लोकेश, राकेश कसाना सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

चाचा-भतीजे की नदी में डूबने से मौत

बौंली-बामनवास। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत मलारना स्टेशन निवासी चाचा भतीजे शनिवार को मछलियां पकड़ने बिलोली के पास बह रही बनास नदी में गए थे जहां दोनों की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलीम खान उम्र 47 वर्ष व उसका भतीजा अयान खान उम्र 13 वर्ष दोनों निवासी मलारना स्टेशन शनिवार को बिलोली के पास बह रही बनास नदी में मछलियां पकड़ने गए थे इस दौरान किसी कारणवस वह बनास नदी में डूब गए जब वह शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनको तलाश किया। फिर रविवार को परिजन तलाश करते हुए बिलोली के पास बनास नदी पर पहुंचे तो देखा की साइकिल व दोनों के कपड़े पड़े मिले इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीणा मलारना डूंगर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो घंटे के अंदर तलाशी अभियान चलाकर दोनों के शव बाहर निकले गए एवं मलारना स्टेशन चिकित्सालय की मो मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ सेंट टेरेसा सीसै स्कूल झालावाड में मुशायरे और कवि सम्मेलन के जरिये दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें टोंक से आए हुए पीरे तरीकत सूफी इफ्तिखार उद्दीन और झालरापाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोनी "यौवन रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सईद शफीकी ने की। कार्यक्रम का संचालन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उर्दू विभागाध्याक्ष प्रोफेसर फहीम खान ने किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्र निगम रहें। कवियित्री जिया नामा के अश्आर से प्रोग्राम का आगाज हुआ। "हम जहां आंख उठाते है वहाँ होता है हर तरफ आपके होने का गुमां होता है" शायर रईस कादरी ने जिंदगी के पेचों खम पर शायरी पेश करते हुए कहा 'घर हमारा है मगर है घर में है वेटर की तरह-अब गुटरगूँ कर रहें है हम कबूतर की तरह', प्रकाश चंद्र सोनी यौवन अपनी कविताएं पेश की जिसमें "किसी एक को कैसे पूंजूँ-देवों की भरमार बहुत है" मुराद खान मुराद अपनी में कहा कि "आपका दिया। कार्यक्रम में प्रतिमा पुलक, जगदीशचन्द सोनी, दानिश व बी.एस. वर्मा एवं अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाऐं प्रस्तुत की। अंत में कार्यक्रम के आयोजक जाकिर खान जाकिर ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

विशाल भजन संध्या कल

निवाई। इन्दिरा कालोनी में स्थित श्याम मन्दिर में देव उठनी एकादशी पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मन्दिर प्रांगण में एकादशी की कथा का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम जन्मोत्सव पर मन्दिर प्रांगण में दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें लक्ष्मीकांत खंडेलवाल जयपुर व सोमेश जैन जयपुर सहित स्थानीय गायक भजनों की प्रस्तुति देंगें। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी।

वैष्णव का सम्मान किया

छबड़ा (निसं)। वैष्णव बैरागी समाज के समाज बंधुओ ने वेंकट कुमार वैष्णव एडवोकेट को नोटरी बनने पर उनका सम्मान किया एवं धार्मिक पुस्तक भेंटकर देश के लिए व समाज के लिए सेवा करने को कहा एवं भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत करने वालों में महन्त रमेश दास वैष्णव, कडैयानोहर सत्यनारायण वैष्णव दोहनी, सुरेशचंद्र वैष्णव मुंशी, सत्यनारायण वैष्णव खांकरा, छीतरलाल मुंडला, राजू दोहनी, गिरिराज पटना सहित समाज के कई सम्मानित समाजबंधु उपस्थित रहे।